शुक्रवार
04 नवम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



अपराधियों ने युवक के सिर पर मारी गोली, जंगल में घायलावस्था में मिला 4

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

# गोपालगंज में 51.48% और मोकामा में 53.45% मतदान

- विधानसभा उपचुनावः दोनों सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान,
- 2020 विधानसभा चुनाव में इन दोनों सीटों पर मतदान प्रतिशत 54.52 था
- गोपालगंज सीट पर भाजपा और राजद के प्रत्याशियों ने किया जीत का दावा
- नवंबर को दोनों सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे

**केटी न्यूज/पटना**

मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव की वोटिंग खत्म हो गई है। मतदान शांतिपूर्ण रहा। कहीं कोई बड़ी घटना नहीं हुई। गोपालगंज में 6 बजे तक 51.48% और मोकामा में 53.45% वोटिंग हुई है। सुबह 7 बजे से शुरू हुई वोटिंग शाम 6 बजे खत्म हो गई। सुबह मोकामा के मतदाताओं में गोपालगंज से ज्यादा जोश देखने को मिला। वहां वोटिंग की रफ्तार ज्यादा रही। इसके बाद दोपहर से ही मतदान की रफ्तार धीमी रही। दोपहर बाद गोपालगंज के कई बूथों पर सन्नाटा देखने को मिला। ओवरऑल 52.38% मतदान हुआ है।


2020 विधानसभा चुनाव में इन दोनों सीटों पर मतदान प्रतिशत 54.52 था। गोपालगंज से राजद प्रत्याशी मोहन प्रसाद गुप्ता ने 11 लोगों के खिलाफ ऋक्षफ़ दर्ज कराई है। गुरुवार को उन्होंने नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई। आवेदन में उन्होंने नामांकन रद्द होने की अफवाह फैलाने का लगाया आरोप लगाया है। इसमें भाजपा, एआईएमआईएम और बसपा कार्यकताओं को नामजद किया है। एफआईआर में सन्नी सिंह विकास, ई. अर्जुन सिंह, अरमान खान, विशाल सिंह, प्रेम रवि, रोशन कुमार, क्षत्रिय टाइगर यादव, गुड्डू कुमार, अनस सलाम, राजन, अभय यादव को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। एसपी आनंद कुमार ने इन लोगों को हिरासत में लिया है। इधर भाजपा प्रत्याशी कुसुम देवी ने 50 हजार से अधिक वोटों से जीत दर्ज करने का दावा किया है। राजद प्रत्याशी मोहन प्रसाद गुप्ता ने भी अपनी जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा- भारी बहुमत से राजद की जीत हो रही है।



मोकामा उपचुनाव में एक बूथ पर पहुंची प्रत्याशी नीलम देवी।



मोकामा के एक बूथ पर मौजूद पुलिसकर्मी।



गोपालगंज में पत्नी के साथ वोट देने पहुंचे पूर्व मंत्री जनक चमार।

## सुभाष सिंह के निधन के बाद खाली हुई थी गोपालगंज की सीट

पूर्व मंत्री सुभाष सिंह के निधन के बाद गोपालगंज सदर विधानसभा से भाजपा ने उनकी पत्नी कुसुम देवी को उम्मीदवार बनाया है। कुसुम देवी को यहां सहानुभूति वोट की आस है। भाजपा ने भी इसी उम्मीद से कुसुम देवी को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, राजद ने इस क्षेत्र से मोहन प्रसाद गुप्ता को उम्मीदवार बनाया है। इस क्षेत्र से कुल 9 उम्मीदवार मैदान में है। प्रत्याशियों में भाजपा की कुसुम देवी, राजद के मोहन प्रसाद गुप्ता, बसपा की इंदिरा यादव, राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी के प्रमोद कुमार, प्रगतिशील समाज पार्टी के संजय कुमार प्रसाद, जन जनवादी पार्टी के जगमोहन गुप्ता, एआइएमआइएम के प्रत्याशी अब्दुल सलाम, भारतीय बहुजन कांग्रेस के मोतीलाल प्रसाद तथा निर्दलीय विनय कुमार राय शामिल हैं।

## मोकामा सीट पर चार बार से अनंत सिंह का कब्जा

मोकामा विधानसभा को बिहार की सबसे चर्चित-मशहूर और हॉट सीट माना जाता है। इस मैदान में सिर्फ उम्मीदवार के वादों की ही नहीं, बल्कि उसके प्रभाव की भी परीक्षा होती है। चार बार से इस सीट पर बाहुबली विधायक अनंत सिंह चुनाव जीतते रहे। 2005 में जदयू के टिकट पर उन्होंने एलजेपी के नलिनी रंजन शर्मा को हराया था। 2010 में अनंत सिंह ने एलजेपी उम्मीदवार सोनम देवी को हराकर इस पर कब्जा बरकरार रखा। एके 47 मामले में सजा मिलने और विधानसभा सदस्यता रद्द होने के कारण मोकामा की सीट खाली हुई है। ऐसे में अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को राजद ने टिकट देकर मैदान में उतारा है। वहीं भाजपा की ओर से ललन सिंह की पत्नी सोनम देवी मैदान में हैं।

## बाहुबली सूरजभान सिंह का दावाः मोकामा में इस बार कमल खिलेगा

बिहार के दो विधानसभा सीटों, मोकामा और गोपालगंज में गुरुवार को मतदान संपन्न हो गया। इस बीच पूर्व बाहुबली सांसद सूरजभान सिंह ने एक बड़ा बयान देकर सूबे की राजनीति को गरमा दी है। सूरजभाजन सिंह ने चिराग पासवान की जमकर तारीफ की और देश का बड़ा नेता करार दे दिया। गुरुवार को सूरजभान सिंह मोकामा उपचुनाव में मतदान करने पहुंचे। मतदान करने के बाद सूरजभान सिंह ने दावा करते हुए कहा कि मोकामा में कमल खिलेगा और हरहाल में भाजपा की जीत होगी। इस बीच एक वेब पोर्टल से बातचीत के दौरान सूरजभान सिंह ने कहा कि चिराग पासवान के आने से पूरे देश में बदलाव आता है तो फिर मोकामा उससे बाहर थोड़ी है।

## गुरु नानक देव जी महाराज की 554 वां प्रकाश उत्सव का भव्य आगाज

### छह दिनों तक चलने वाले प्रकाश पर्व में शामिल होने देश-विदेश से आ रहे लोग

**एजेंसी/पटना**

पटना साहिब तख्त श्रीहरमंदिर में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी महाराज की 554 वां प्रकाश उत्सव का शुभारंभ गुरुवार से हो गया। छह दिनों तक चलने वाले इस प्रकाश उत्सव पर्व में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड ,नॉर्वे, जर्मनी ,कनाडा, फ्रांस सहित दिल्ली, झारखंड, पश्चिम बंगाल ,उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा सहित देश के कोने कोने से सिख श्रद्धालु यहां पहुंचने लगे हैं। दो चरणों में मनाए जाने वाले इस पर्व में प्रथम 3 दिन 3 नवंबर से 5 नवंबर तक राजगीर के शीतल कुंड में इस का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जबकि 6 से 8 नवंबर तक पटना के गुरुद्वारा में इसका आयोजन होगा। इसे लेकर सिख समुदाय के श्रद्धालुओं के बीच पूरे देश भर में उत्सव का माहौल है।

इसके लिए पटना के तख्त श्री हरमंदिर के साथ ही राजगीर के शीतल कुंड को रंग बिरंगी रोशनी के साथ ही खूबसूरत फूलों से सजाया गया है। 2 वर्षों के कोविड-19 के बाद इस वर्ष प्रकाश उत्सव के अवसर पर सिख समुदाय के लोगों के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है।

गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि इस वर्ष गुरु नानक देव की जयंती प्रकाश उत्सव के रूप में काफी धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 3 नवंबर से 5 नवंबर तक राजगीर के शीतल कुंड में इसका विधिवत उद्घाटन बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर देश विदेश से हजारों सिख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद जताई जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रकाश उत्सव का आयोजन दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहला आयोजन 3 नवंबर से 5 नवंबर तक राजगीर में होगा जबकि दूसरा शीतल उत्सव का आयोजन पटना सिटी के तख्त श्री हरमंदिर में 6 से 8 नवंबर तक आयोजित होगा।

बिहार सरकार की तरफ से निशुल्क 25 बसों की व्यवस्था की गई है। पटना साहिब गुरुद्वारा से नालंदा के राजगीर गुरुद्वारा शीतल कुंड तक बसे सिख श्रद्धालुओं को निशुल्क ले जाएगी।

## 14 नवंबर से पहले करें नेहरू पार्क के निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य : सीएम नितीश



नेहरू पार्क के निरीक्षण के दौरान डीएम को निर्देश देते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को नेहरु पथ स्थित पुनाईचक के समीप निमार्णाधीन नेहरु पार्क का मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन पार्क में स्थापित हो रही भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व० पंडित जवाहरलाल नेहरु की प्रतिमा, पार्क के सौन्दर्यीकरण, वृक्षारोपण, प्रकाश की व्यवस्था आदि के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुआयना के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 14 नवंबर से पहले हर हाल में नेहरू पार्क के निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि निमार्णाधीन नेहरु पार्क में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण का कार्य सुनिश्चित करें।

पटना जंक्शन स्थित स्टेशन गोलम्बर प्रांगण में वर्षों से स्थापित स्व० पंडित जवाहरल लाल नेहरु जी की प्रतिमा एलिवेटेड रोड बनने के कारण काफी नीचे हो गया था और ठीक से दिखाई भी नहीं दे रही थी। वही स्टेशन गोलंबर प्रांगण में पटना मेट्रो का भी निर्माण कार्य होना है।

ऐसी स्थिति में स्व० पंडित जवाहर लाल नेहरु जी की प्रतिमा को स्थानांतरित कर नेहरू पार्क में पुनर्स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेहरु पथ का नामकरण पहले जवाहर लाल नेहरु मार्ग किया गया था लेकिन नाम बड़ा होने के कारण वह लोगों के बोलचाल की प्रचलन में शामिल नहीं हो सका इसलिए पुनः हमलोगों ने इसका नामकरण नेहरु पथ किया जिसके कारण अब सभी लोग जानने लगे हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि नेहरू पथ का साइनेज हर जगह लगा दिया जाय ताकि लोगों को समुचित जानकारी मिल सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, आयुक्त पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, पटना नगर निगम के आयुक्त श्री अनिमेष पराशर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारीगण एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्री राम कर्मभूमि रथ यात्रा को किया रवाना



रथ की पूजा करते सीएम योगी आदित्यनाथ, साथ में हैं बक्सर सांसद अश्विनी चौबे।

**एजेंसी/लखनऊ**

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री व बक्सर के सांसद अश्विनी चौबे ने गुरुवार को श्रीराम चरण पादुका की विधि विधान से की पूजा अर्चना कर श्री राम कर्मभूमि रथ यात्रा को रवाना किया। मुख्यमंत्री आवास में आयोजित इस कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं साधु संत मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी ने साधु संतों की उपस्थिति में मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से श्रीराम चरण पादुका की पूजा अर्चना की। उन्होंने गंगा जल से आचमन कर श्रीराम चरण पादुका पर पुष्प अर्पित कर भगवान श्रीराम से लोक कल्याण की मंगलकामना की।

उन्होंने श्रीराम चरण पादुका की पूजा अर्चना कर श्री राम कर्मभूमि यात्रा का शुभारंभ किया। यह यात्रा अयोध्या होते हुए बक्सर 5 नवम्बर की शाम पहुँचेगी। 15 नवम्बर के बाद जनकपुर धाम नेपाल के लिए यात्रा प्रस्थान करेगी।

भगवान राम जब पहली बार अयोध्या से बक्सर होते हुए जनकपुर धाम गए थे, उस रूट पर यात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रमुख स्थानों से परिचय कराया जाएगा। भविष्य में इसे पर्यटन परिपथ के रूप में विकसित किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना से बालिका जन्म को मिल रहा प्रोत्साहन

**केटी न्यूज/पटना**

कन्या शिशुओं के सर्वांगीण विकास के मद्देनजर राज्य में जननी बाल सुरक्षा योजना के तहत मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना चलायी जा रही है। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना में स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है। कन्या शिशुओं के जन्म से लेकर उनके स्नातक होने तक उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत अलग -अलग समय पर बच्चियों को पैसा दिया जायेगा। ये पैसे उन्हें आर्थिक रूप से सहायता के लिए दी जाती है। जिससे उन्हें पालन-पोषण एवं शिक्षा में किसी भी प्रकार की कमी ना हो. स्वास्थ्य विभाग द्वारा देय प्रोत्साहन धनराशि को ई-जननी पोर्टल पर ऑनलाइन निर्गत किया जा रहा है।

**योजना का मूल उद्देश्यः** मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का मूल उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना, बालिका शिशु मृत्यु दर को कम करना, बाल विवाह पर अंकुश लगाना, जन्म निबंधन एवं कन्या के जन्म को प्रोत्साहित करना है। बिहार में लड़कियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। इस वर्ष राज्य की करीब 1.50 करोड़ कन्याएं योजना का लाभ उठा पायेंगी।

**अधिक से अधिक कन्या लाभार्थी को पंजीकृत करने का हो रहा प्रयासः** मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के अंदर अधिक से अधिक लाभुकों को पंजीकृत कराने के लिए प्रत्येक दूसरे और चौथे शनिवार को आंगनबाड़ी केंद्र/ परियोजना स्तर पर विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कोविड-19 के सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए इन कैंप को आयोजित करने का प्रयास किया जा रहा है। खासकर 0-1 आयु वर्ग की कन्या शिशु का अधिक से अधिक पंजीकरण करने का प्रयास विशेष रूप से किया जा रहा है। 1-2 आयु वर्ग की कन्या संतान जिनका आधार कार्ड नहीं है उनका आधार पंजीकरण करते हुए योजना के अंदर पंजीकृत करना है।

मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना

लड़की बिहार राज्य की होनी चाहिए
लड़की अविवाहित होनी चाहिए
आवेदिका गरीब घर से होनी चाहिए
लड़की के घर में कोई भी सरकारी नौकरी पर न हो
दसवीं/बाहरवीं पास या स्नातक छात्राएं इस योजना का लाभ ले सकती हैं
योजना में मिलने वाले लाभः

### इन्हें मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत कन्या के जन्म पर 2000 रुपये, कन्या शिशु के एक वर्ष पूरा होने पर 1000, कन्या के 2 वर्ष पूरा होने पर पूर्ण टीकाकरण कराने के उपरांत 2000, कन्या की शिक्षा हेतु पोशाक के लिए प्रतिवर्ष 600 रुपये (कक्षा 1–2 ), कक्षा 3–5 तक प्रतिवर्ष पोशाक हेतु 700, कक्षा 6–8 तक प्रतिवर्ष पोशाक हेतु 1000, कक्षा 9–12 तक प्रतिवर्ष पोशाक हेतु 1500, अविवाहित कन्या के इंटरमीडिएट पास करने पर 25,000, स्नातक होने पर 50,000 तथा कक्षा 7–12 तक प्रतिवर्ष किशोरी स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत 300 रुपये दिए जाने का प्रावधान है।

## सदर अस्पताल के लिपिक और चपरासी घूस लेते गिरफ्तार

**पटना।** छात्रों से स्वास्थ्य प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर पैसा ले रहे भागलपुर सदर अस्पताल के लिपिक और चपरासी को सदर एसडीओ धनंजय कुमार ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। घूस लेते पकड़ने के बाद एसडीओ ने दोनों को तिलकामांझी थाना पुलिस को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि सदर हॉस्पिटल में स्वास्थ्य प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर छात्रों से लगतार पैसे लेकर प्रमाण पत्र जारी करता था और जो पैसा नही देता था उसको टालमटोल करता था जिससे परेशान होकर छात्रा ने सदर एसडीओ धनन्जय कुमार को शिकायत की और एसडीओ ने तुरंत एक्शन लेते हुए मौके पर पहुंचकर एसडीओ ने आम पब्लिक बनकर देखा कि खुलेआम रिश्वतखोरी का धंधा चल रहा था।

## छोटी खबरें

### सीआरपीएफ के जवान ने खुद को मारी गोली,भर्ती

**गया।** गया में एक सीआरपीएफ के जवान ने अपने सीने में गोली मार ली। मामला इमामगंज प्रखंड के सीआरपीएफ 159 वीं बटालियन कैंप का है। जवान ने अपनी राइफल से तीन गोली सीने पर चलाई। लेकिन गोली सीने के आसपास लगी। इससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्रारंभिक इलाज के बाद घायल को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल और फिर पटना के लिए रेफर कर दिया गया है। फिलहाल बताया जा रहा है कि घायल जवान राजस्थान के टोंक जिले के खलीपुरा का रहने वाला कैलाश जाट का बेटा छोटू लाल जाट है। जिसका इलाज चल रहा है। सूत्रों का कहना है कि खुद को गोली मारने वाला जवान बीते कुछ दिनों से तनाव में चल रहा था। वह किस बात को लेकर तनाव में था। इस बाबत जांच शुरू की जा रही है। कैंप के सहायक कमांडेंट अमर घोष ने बताया कि जवान छोटू लाल जाट ने अपने सीने में गोली मारने की कोशिश की है। उसका इलाज पटना में चल रहा है। उसकी स्थिति फिलहाल काबू में है।

### रेलवे ट्रैक हटाने के दौरान गिरा मलबा, एक रेलकर्मी की मौत

**पटना।** गया में रेलवे ट्रैक से मलबा हटाने के दौरान क्रेन से मलबा दो रेलवे कर्मचारियों पर गिर गया। इसमें दोनों दब गए। गंभीर हालत में इलाज के लिए मालगाड़ी से दोनों को अस्पताल भेजा गया। रास्ते में एक की मौत हो गई। एक कर्मचारी की हालत गंभीर है। जख्मी रेल कर्मी का इलाज मगध मेडिकल कॉलेज में चल रहा। मृतक की बॉडी उसके घर आरा के लिए एंबुलेंस से रवाना कर दिया गया है। घटना धनबाद रेल मंडल के गुरपा रेलवे स्टेशन के पास घटी। इस घटना में रेलवे की बड़े स्तर पर संवेदनहीनता सामने आई है। हादसे के बाद दोनों घायल रेल कर्मियों को एंबुलेंस की जगह मालगाड़ी से अस्पताल भेजा गया। इसकी वजह से डेढ़ घंटे बाद दोनों को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले आया गया

### दिनदहाड़े बंदूक की नोक पर पेट्रोलपंप संचालक से 12 लाख की लूट

**पटना।** कटिहार जिले के बरारी थाना क्षेत्र के छोटी भैसदीरा इमली चौक के पास मां लक्ष्मी पेट्रोल पम्प पर दिन के ढ़ाई बजे आधा दर्जन भी अधिक की संख्या में हथियार से लैस होकर आए अपराधियो ने पेट्रोल पंप संचालक मनोज भगत से तमंचे की नोक पर लूट लिया। बदमाश बैग में रखे नगद 11 लाख 7ड हजार कैश, लाइसेन्सी राईफल और 15ड राउन्ड गोली लूट कर फरार हो गए। लूटपाट की घटना की सूचना बरारी पुलिस थाने को दी गयी है। घटना स्थल पर समाचार लिखे जाने तक पुलिस नही पहुची थी।

## छोटी खबरें

### ऑटो में छूटा बैग, खाते से निकाले 1.68 लाख रुपये

**जहानाबाद।** शकूराबाद थाना क्षेत्र के बीरो बिगहा गांव निवासी एक महिला ने यूनियन बैंक के खाता संख्या 453202010051891से 1 लाख 68 हजार रुपए की निकासी कर लेने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है। बीरो बीघा गांव निवासी प्रतिमा कुमारी ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि वह 20 अक्टूबर को टेंपो से शकूराबाद बाजार आई थी, टेंपो में ही उसका बैग छूट गया। जिसमें पासबुक ,चेक बुक आधार कार्ड और मेरे पति का आधार कार्ड था। दिनांक 21 अक्टूबर को मेरे खाते से राकेश कुमार के खाते में 68 हजार रुपये एवं रमेश यादव के खाते में 01 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिया गया है। उक्त महिला ने बतायी कि मुझे हार्ट की बीमारी है। खाते से पैसा निकल जाने की जानकारी मिलते ही मेरी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों द्वारा मुझे इलाज के लिए पटना ले जाया गया। तबियत ठीक होने पर उसने थाने में आवेदन दिया।

### सड़क दुर्घटना में दो की हालत गंभीर

**जहानाबाद।** घोसी–धामापुर मुख्य सड़क पर बुधवार को डहरपुर गांव के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस संदर्भ में लखावर गांव निवासी जख्मी लाल किशन राम ने बताया कि वह अपने बहनोई नरेश राम के साथ बाइक पर सवार होकर मसौढ़ी जा रहे थे इसी बीच डहरपुर गांव के समीप विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने उनके बाइक में ठोकर मार दिया। जिससे वह दोनों सड़क पर जा गिरे। सड़क पर गिरने से दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

### सड़क दुर्घटना में मां बेटी जख्मी

**आर।** आरा–मोहनिया नेशनल हाईवे पर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुलौर गांव के समीप बुधवार की देर शाम बाइक में साड़ी फस जाने से असंतुलित होकर बाइक सवार सड़क किनारे गिर गए है। हादसे में बाइक सवार मां–बेटे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद मां को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। जबकि जख्मी बेटे का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों बक्सर जिला के बगेन गोला थाना क्षेत्र के बगेन गांव निवासी पिंटू यादव की 25 वर्षीया पत्नी छोटी देवी एवं 3 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार शामिल है।

# डेंगू के मामलों में आई कमी, पिछले 11 दिनों में नहीं मिले एक भी मरीज

**केटी न्यूज/सासाराम**



- निजी जांच क्लिनिकों से भी मांगा जा रहा है आंकड़ा

बारिश का मौसम खत्म होते ही रोहतास जिले में डेंगू के मामले में धीरे-धीरे कमी आने लगी है। सितंबर -अक्टूबर के महीने में जहां रोहतास जिले में लगभग प्रतिदिन डेंगू के लक्षण वाले मरीज पाए जा रहे थे,वहीं पूर्व की अपेक्षा अब ऐसे मरीजों के मामले में भी कमी आई है। जिला स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार रोहतास जिले में 25 अक्टूबर तक 15 डेंगू से पीड़ित मरीज की पुष्टि हुई थी। बेहतर इलाज के बाद सभी मरीज पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं वर्तमान में जिले में एक भी डेंगू का मरीज नहीं है। हालांकि निजी जांच क्लिनिकों में जांच के दौरान डेंगू के लक्षण वाले मरीज मिल रहे लेकिन पहले की अपेक्षा काफी कम संख्या में ऐसे मरीज मिल रहे हैं। जिला स्वास्थ्य समिति के अनुसार सदर अस्पताल में हो रही जांच के दौरान पिछले 11 दिनों में एक भी डेंगू के लक्षण वाले मरीज नहीं मिले हैं। जिले में डेंगू के घटते प्रकोप से जिला स्वास्थ्य समिति ने भी थोड़ी राहत की सांस ली है। वहीं जिला स्वास्थ्य समिति डेंगू को लेकर अभी भी सतर्क है। सदर अस्पताल में डेंगू वार्ड को अभी भी चालू रखा गया है। ताकि विपरीत परिस्थितियों से निपटा जा सके।

**सरकारी अस्पताल में डेंगू जांच जारी :** जिला मलेरिया विभाग में कार्यरत जेपी गौतम ने बताया कि जिले में डेंगू को लेकर लगातार जांच की जा रही है। सरकारी अस्पतालों में फिलहाल नए मामले सामने नहीं आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि डेंगू को लेकर लगातार सतर्कता बरती जा रही। डेंगू का ज्यादा खतरा सितम्बर से अक्टूबर तक देखने को मिलता है। ठंड बढ़ते ही डेंगू के मच्छर धीरे धीरे कम होने लगते हैं, फिर भी लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए घरों के साथ साथ आस पास के जगहों को साफ रखें। गंदा पानी न जमा होने दें। सरकारी अस्पतालों में जांच के दौरान डेंगू पॉजिटिव आने पर उक्त व्यक्ति का सैम्पल एलिसा जांच के लिए गया भेजा जा रहा है। एलिसा जांच में पॉजिटिव आने पर ही उसे कन्फर्म केस माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक आई जांच रिपोर्ट में 15 लोगों में डेंगू पाया गया था जो इलाज के बाद पूरी तरह स्वस्थ्य स्वस्थ्य हैं।

**डेंगू के लक्षण दिखने पर कराएं जांच :** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि जिले में डेंगू के मामले में काफी कमी आई है। उन्होंने बताया कि डेंगू में आई कमी के बावजूद भी सभी सरकारी अस्पतालों को जांच करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में कितने डेंगू के लक्षण वाले मरीज हैं, इसके लिए निजी जांच क्लिनिकों से भी आंकड़ा जमा किया जा रहा है। एसीएमओ ने लोगों से अपील की है कि तेज बुखार, आंखों में दर्द, अधिक थकान या कमजोरी महसूस हो तो डेंगू जांच करवा लें।

# जमीन के विवाद में लात-घूसों व लोहे के रॉड से बुजुर्ग की हत्या, छोटा भाई गिरफ्तार

- बेटों व बहू संग मिल भाई ने ही कर दी हत्या, भाई-भतीजों समेत आठ पर प्राथमिकी
- मामले में जांच में जुटी पुलिस, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के सिन्हा ओपी क्षेत्र के पोराहां गांव में बुधवार की रात जमीन के विवाद में एक बुजुर्ग किसान की हत्या कर दी गयी। छोटे भाई ने अपनी पत्नी, बेटों व बहू संग मिल कर लात-घूसों और रॉड से पीट कर उनकी जान ले ली। इस दौरान उनके एक बेटे के साथ भी मारपीट की गयी। मृत बुजुर्ग पोराहां गांव निवासी स्व. जगरनाथ सिंह के 75 वर्षीय बटेश्वर सिंह थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छोटे भाई सिद्धेश्वर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।? इसे लेकर मृत बुजुर्ग के पुत्र धर्मवीर सिंह के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें अपने चाचा सिद्धेश्वर सिंह, चाची और तीन चचेरे भाइयों सहित आठ लोगों को नामजद किया गया है। बुजुर्ग के पुत्र धर्मवीर सिंह के अनुसार कुछ दिनों से चाचा सिद्धेश्वर सिंह के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इस बीच बुधवार की शाम मवेशी बांधने को लेकर झगड़ा हो गया। उसके बाद चाचा सहित अन्य आरोपितों द्वारा मारपीट की जाने लगी। उसी दौरान उसके पिता की भी लात-घूसों और रॉड से जमकर पिटाई कर दी गयी। उसमें उनकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर ओपी इंचार्ज राजीव कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस अन्य आरोपितों की धरपकड़ को लेकर छापेमारी कर रही है।



अस्पताल में बुजुर्ग का पोस्टमार्टम कराने पहुंचे परिजन

### बेटे को बचाने के दौरान बुजुर्ग को भाई और भतीजों ने मार डाला

इधर, धर्मवीर सिंह ने बताया कि उनके पिता और चाचा के बीच अभी बंटवारा नहीं हुआ है। चाचा द्वारा अपने मन से हिस्से से अधिक जमीन पर खेती की जा रही है। घर की जमीन पर भी कब्जा किया जा रहा था। उसको लेकर ही विवाद चल रहा था। बुधवार की शाम चाचा द्वारा मवेशी बांधने वाली जमीन को भी घेर दिया गया। कहा जाने लगा कि यह जमीन उनकी है। विरोध करने पर झगड़ा किया जाने लगा और उसके भाई के साथ मारपीट की जाने लगी। उसे देख उसके पिता भाई को बचाने लगे। इस पर चाचा और उनके घर के लोगों द्वारा उसके पिता की लात-घूसों और रॉड से पीट कर हत्या कर दी गयी।

### बेटा बोला :सीओ से शिकायत करने की बात से नाराज थे चाचा

धर्मवीर सिंह का कहना है कि जमीन के विवाद को देखते हुए उसके पिता द्वारा सीओ और थाने में शिकायत करने की बात कह रहे थे। उस पर उसके चाचा नाराज चल रहे थे। उसी के कारण बुधवार को मवेशी बांधने का बहाना बनाकर मारपीट की गयी। धर्मवीर सिंह के अनुसार दस दिन रोज पहले विवाद हुआ था। तब उसके पिता द्वारा कहा गया कि पांच अक्टूबर को थाने में सीओ द्वारा कैंप लगाया जायेगा। अब उसी में इस केस का फैसला होगा। उसके बाद से चाचा व उनके परिवार के लोग नाराज चल रहे थे। इधर, बुजुर्ग की मौत के बाद उनके घर में कोहराम मचा है। बताया जाता है कि बुजुर्ग को तीन पुत्री पूनम देवी, रंजू देवी, रिंकू देवी, दो पुत्र अजय सिंह और धर्मवीर सिंह है। उनकी पत्नी राधिका देवी की कुछ दिन पहले ही बीमारी से मौत हो गयी थी।?

# आरा में चर्चित स्वर्ण व्यवसायी का अपहरण, पुलिस ने तीन संदिग्धों को उठाया

**केटी न्यूज/आरा**

नगर थाना क्षेत्र के बाइपास स्थित बलुआही के समीप बुधवार की शाम आरा और पटना के एक बड़े स्वर्ण व्यवसायी का अपहरण कर लिया गया है। घर से मार्केट जाने के दौरान व्यवसायी को अगवा किये जाने की बात कही जा रही है। घटना बुधवार की शाम करीब पांच बजे की बतायी जा रही है। गुरुवार की सुबह घटनास्थल के पास से उनकी बाइक बरामद की गयी है। अगवा व्यवसायी नगर थाना क्षेत्र के महाजन टोली नंबर हरिजी गुप्ता हैं। उनकी आरा और पटना में आभूषण की चार-पांच दुकानें हैं। आरा बाइपास रोड स्थित बलुआही में मार्केट भी है। वह अधिवक्ता भी बताये जा रहे हैं। मार्केट के कुछ किरायेदारों पर उनको अगवा किये जाने की आशंका जताई जा रही है। इधर, स्वर्ण व्यवसायी को अगवा किये जाने की सूचना से शहर में सनसनी मच गयी है। पुलिस महकमे में भी खलबली मच गयी। पुलिस आनन-फानन में व्यवसायी की बरामदगी में जुट गयी है। एसपी के निर्देश पर एएसपी हिमांशु भी नगर



थाने की पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे।? उन्होंने व्यवसायी के परिजनों से पूरी घटना की जानकारी ली। इस मामले में पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए किरायेदार सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। एसपी के निर्देश पर एएसपी के नेतृत्व में टीम गठित कर व्यवसायी की बरामदगी और मामले की छानबीन की जा रही है। इसके लिए मोबाइल सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। इसमें डीईआयू टीम की भी मदद ली जा रही है। एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि व्यवसायी किराया लेने गये थे। उसके बाद से गायब हैं। अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**पूरी रात बजती रही मोबाइल की घंटी :** बताया जा रहा है कि स्वर्ण व्यवसायी हरिजी गुप्ता बुधवार की शाम करीब पांच बजे घर से निकले थे। अक्षय नवमी की पतालेश्वर मंदिर में पूजा करने और खाने के बाद वह अपनी बाइक से बाइपास के बलुआही स्थित मार्केट गये थे। उसी बीच वह गायब हो गये। काफी देर तक वह घर नहीं पहुंचे, तो खोजबीन शुरू की गयी। लेकिन कहीं पता नहीं चला। मार्केट में भी नहीं थे। मोबाइल पर कॉल करने पर भी कोई जवाब नहीं मिल रहा था। उसके बाद परिजनों द्वारा थाने को सूचना दी गयी। इस बीच गुरुवार की सुबह घटनास्थल से उनकी बाइक बरामद कर ली गयी। उससे परिजनों की चिंता और बेचैनी बढ़ गयी। उसके बाद अपहरण की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। परिजनों की मानें तो रात में घटनास्थल के पास उनकी बाइक नहीं थी। वहीं पूरी रात उनके मोबाइल की घंटी बजती रही, लेकिन किसी ने रिसीव नहीं किया। गुरुवार की सुबह साढ़े पांच बजे के बाद मोबाइल स्विच ऑफ हो गया।

# पढ़ाई कर दबाव बनाने के कारण घर से भागा था किशोर, परिजनों को किया सुपुर्द



**केटी न्यूज/अरवल**

सदर प्रखंड के रामपुर चौरम थाना में बीते दीन अपहरण का मामला सामने आया था। जब पुलिस ने जांच की तो पूरा मामला फर्जी निकला। एसपी हिमांशु शंकर त्रिवेदी ने बताया कि रामपुर चौरम थाने में दशहरे पर्व के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने निकले युवक का अपहरण का शिकायत लेकर परिजन रामपुर चौरम थाने में आए थे प्राथमिकी हुई थी। जिसके बाद पुलिस इस मामले की जांच कर के दौरान साथ में पढ़ने वाले बच्चे से भी पूछताछ की गई। अपहरण की घटना को पुलिस ने जब छानबीन शुरू की एवं पुलिस ने डॉग स्क्वायड टीम से भी आसपास के इलाकों में जांच कराया गया, लेकिन युवक का कुछ कुछ सुराग पुलिस को नहीं मिला जांच के क्रम में ही पुलिस को पता चला की अपहृत लड़का दोस्तों से मोबाइल पर संपर्क में है और कोलकाता चला गया है। परिजनों के सहयोग से युवक को कोलकाता से घर वापस लाया गया और उसे सकुशल बरामद कर ली गई। न्यायालय में बयान दर्ज करा कर युवक को परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं अपहरण हुए युवक ने बताया कि पढ़ने के लिए परिवार के द्वारा दबाव बनाया गया था, जिसके कारण भागकर कोलकाता चला गया। इसके अलावा एसपी ने बताया कि मेहंदीया थाने की गस्ती गाड़ी एक्टिव रहने के कारण गुमटी में चोरी करने वाले दो चोरों को मेहंदिया पुलिस ने हेमंत कुमार एवं चंदन कुमार को उसरी बाजार से लूटी गई सिगरेट का पैकेट नगद सहित मोटरसाइकिल बरामद की गई है। वहीं, दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। विभिन्न थानों में फरार चल रहे शराब के मामले में 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## एक नजर

### विवाहिता की संदेहास्पद मौत, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**बक्सर।** धनसोई थाना क्षेत्र के बासुदेवपुर गांव में एक विवाहिता की संदेहास्पद मौत हो गई है। मृतका के ससुराल वाले जहा उसे घरेलु विवाद में फांसी लगाने की बात कह रहे है वही पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुराल वालों पर अपनी बेटी का हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। फिलहाल धनसोई पुलिस उनके आवेदन पर मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है जबकि मृतका के ससुराल वाले फरार हो गए है। मिली जानकारी के अनुसार रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र के अमेसी डिहरा गांव के मोहन चौधरी की बेटी धर्मावती की शादी वर्ष 2019 में धनसोई थाना क्षेत्र के कैथहर कला पंचायत अंतर्गत बासुदेवपुर गांव के फूलन चौधरी के पुत्र जितेन्द्र चौधरी के साथ हुई थी। बुधवार को उसकी संदेहास्पद मौत हो गई। गांव वालों की सूचना पर पहुंची मृतका की मां राधिका देवी तथा उसके अन्य परिजन खुद उसका शव लेकर धनसोई थाना पहुंचे तथा पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। हालांकि बुधवार को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई नहीं की। गुरूवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तबतक मायके वाले फरार हो गए थे। हालांकि इस दौरान राधिका ने बेटी के भसूर धर्मेन्द्र चौधरी पर बेटी के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। उसने भसूर धर्मेन्द्र, ससुर फूलन चौधरी समेत कुल चार लोगों को इस मामले में नामजद किया है। जबकि सूत्रों का कहना है कि उसका पति जितेन्द्र परदेश में प्राइवेट नौकरी करता था। कुछ साल पहले धर्मेन्द्र की पत्नी की भी संदेहास्पद मौत हुई थी। अब जितेन्द्र की पत्नी की मौत के बाद गांव में चचाओं का बाजार गर्म है।



### 1395 लाभुकों के बीच 39 करोड़ 34 लाख रुपये का ऋण किया गया वितरित

**जहानाबाद।** बिहार सरकार उद्योग विभाग के प्रधान सचिव संदीप पौण्डरीक एवं जिलाधिकारी रिची पाण्डेय के संयुक्त रूप से मेगा क्रेडिट कैम्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन दोनों ने संयुक्त रूप से जिला निबंधन -सह- परामर्श केन्द्र में सम्पन्न किया। कार्यक्रम में प्रधान सचिव ने बताया कि आज मेगा क्रेडिट कैम्प कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजन (पीएमएफएमई), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना (पीएमईजीपी) तथा बुनकर मुद्रा योजना, एमएसएमई, रिटेल लोन, एग्रीक्लचर लोन जिसमें 1395 लाभुकों के कुल 39 करोड़ 34 लाख रुपये का ऋण वितरण किया गया। जिसमें एमएसएमई योजना के तहत 312 लाभुको के बीच 10 करोड़ 46 लाख रुपये (प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम योजना के तहत कुल 40 लाभुको के बीच 3.82 करोड़ राशि एवं बुनकर मुद्रा लोन के तहत 263 लाभुकों के बीच, 4 करोड़ 43 लाख तथा 09 लाभुकों के बीच तथा कैश क्रेडिट योजना के तहत 1 करोड़ 21 लाख), रिटेल योजना के तहत 363 लाभुकों के बीच 18 करोड़ 98 लाख रुपये, ऐग्रिक्लचर योजना तथा जीविका दीदीयों के बीच 720 लाभुकों के बीच 9 करोड़ 90 लाख रुपये का ऋण वितरण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जिले के एसीपी लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्राप्त करने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र महेन्द्र यादव, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री प्रशांत कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका श्रीमती अनीता कुमारी एवं जिले 37 शाखा प्रबंधको को ऋण स्वीकृत हेतु उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### तेज रफ्तार मैजिक ने किसान को रौंदा, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**सासाराम।** जिले के पहाड़ी प्रखंड में एनएच 2 सी पर बकनौरा गांव के पास गुरुवार को सड़क दुर्घटना में एक किसान की मौत हो गई। वहीं दुर्घटना से अक्रोशित बकनौरा गांव के ग्रामीणों ने शव के साथ सड़क जाम कर दिया है। घटना के बाद ग्रामीण मुआवजे और ब्रेकर बनाने की मांग कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बकनौरा गांव के किसान दशरथ महतो सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार मैजिक गाड़ी की चपेट में आ गए। स्थानीय लोग उन्हें पीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना के बाद अक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ सड़क जाम कर दिया है। मौके पर रोहतास थानाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी पहुंचे हैं, लेकिन ग्रामीण शव नहीं सौंप रहे हैं।

# जन्म के समय नवजात को जरूर लगवाएं हेपेटाइटिस बी का टीका

- स्वच्छता का पालन और अनुशासित जीवनशैली है हेपेटाइटिस से बचाव का उपाय
- लक्षण नजर आने पर तुरंत लें चिकित्सीय परामर्श

**केटी न्यूज/भभुआ**



हेपेटाइटिस, वायरस से फैलने वाला एक गंभीर संक्रामक रोग है। इससे लिवर में सूजन आ जाती है। हेपेटाइटिस के कुल पाँच प्रकार होते हैं। जिसमें हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, हेपेटाइटिस डी एवं हेपेटाइटिस ई शामिल हैं । इनमें हेपेटाइटिस बी सबसे अधिक खतरनाक एवं जानलेवा होता है। इसकी रोकथाम जन्म के समय टीका देकर की जा सकती है। थकावट, गहरे रंग का पेशाब, पीला मल, पेट में दर्द, भूख का खत्म हो जाना, वजन में अप्रत्याशित कमी, त्वचा एवं आँखों का पीला पड़ना एवं गंभीर स्थिति में मुँह से खून की उल्टी जैसे लक्षण हेपेटाइटिस वायरस संक्रमण के होते हैं।

**खतरनाक है हेपेटाइटिस बी:** चिकित्सकों के अनुसार हेपेटाइटिस बी खतरनाक है, क्योंकि यह एक ह्लशांत संक्रमणह्व है, जो लोगों को उनकी जानकारी के बिना ही संक्रमित करता है। अधिकतर लोग जो हेपेटाइटिस बी से संक्रमित होते हैं, वे इस संक्रमण से अंजान रहते और अनजाने में वायरस दूसरे लोगों को खून के द्वारा और शरीर के संक्रमित प्रवाही द्वारा फैलाते हैं। ऐसे लोग जो चिरकालिक संक्रमण से ग्रसित हैं, उन्हें लिवर सिरोसिस या लिवर कैंसर होने की संभावना रहती। वायरस कई वर्षों तक खामोशी से अविरत रूप से लिवर/यकृत पर हमला करता रहता और मरीज को पता भी नहीं चलता। अधिकतर गर्भवती महिलाएं नहीं जानती कि उन्हें हेपेटाइटिस बी का संक्रमण है। अनजाने में वे यह वायरस अपने नवजात शिशुओं को उनके जन्म के समय हस्तांतरण करती हैं। नवजात शिशुओं को हेपेटाइटिस बी का संक्रमण होने का खतरा अधिक रहता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सिफारिश की है कि सभी नवजात शिशुओं को उनके जन्म के 12 से 24 घंटों के अंदर ही हेपेटाइटिस बी की प्रथम खुराक दी जाए।

**अनुशासित जीवनशैली अपनाकर रहें हेपेटाइटिस से सुरक्षित:** हेपेटाइटिस का संक्रमण लिवर की कार्यक्षमता को प्रभावित करता है। इससे बचाव के लिए टीकाकरण के अलावा अनुशासित जीवनशैली अपनाकर इससे सुरक्षा की जा सकती है। अधिक गरिष्ठ भोजन का सेवन करने से परहेज करें और हरी पत्तेदार सब्जियों एवं फलों को अपने आहार का हिस्सा बनायें। अपने वैवाहिक जीवन में मर्यादित रहें, क्यूंकि हेपेटाइटिस का संक्रमण फैलने का एक प्रमुख कारण असुरक्षित यौन सम्बन्ध भी है।

**इनमें संक्रमण का होता है अधिक खतरा:**

- जन्म के समय हेपेटाइटिस–बी का टीका नहीं लेने वाले
- शरीर पर टैटू करवाने से
- असुरक्षित यौन संबंध बनाने से
- माता से गर्भस्थ शिशु को
- नशीली दवा सेवन करने से
- हेपेटाइटिस पीड़ित से उसके पार्टनर को
- बेहतर स्वच्छता नहीं रखने से
- घर में किसी संक्रमित व्यक्ति के साथ रहने से
- संक्रमित खून चढ़ाने से

कुमार अर्थोपेडीक मल्टी स्पेस्लीटी क्लिनीक की ओर से जिलेवासिओं को छठ की हार्दिक शुभकामनाएं



## छोटी खबरें

### 315 पीस शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार, बाइक जब्त

**चक्की।** भरियार ओपी पुलिस ने थाना क्षेत्र के लहना मध्य विद्यालय के पास गश्ती अभियान के दौरान 315 पीस शराब के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी पैशन प्रो बाइक भी जब्त कर ली है। गिरफ्तार कारोबारी सिमरी थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव के उपेन्द्र चौधरी व रवि चौधरी है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों पैशन प्रो बाइक से उत्तर प्रदेश से शराब की खेप लेकर आ रहे थे। लेकिन लहना मध्य विद्यालय के पास गश्ती अभियान चला रही पुलिस के हत्थे चढ़ गए। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

### सीओ ने किया भूमि विवाद संबंधित मामलों की समीक्षा

**डुमरांव।** प्रखंड की नई सीओ अंकिता सिंह ने गुरुवार को अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मियों के साथ बैठक कर अतिक्रमण व भूमि विवाद के मामलों की समीक्षा की तथा इसके त्वरित निष्पादन करने तथा सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के भूमि विवाद के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर खत्म करने पर बल दिया।

### श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

**सिमरी।** सिमरी में आयोजित हुए श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के पहले दिन हजारों श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के साथ ही श्री श्री 1008 श्री गंगा पुत्र जी महाराज के मुखारबिंदु से भागवत कथा जबकि पूज्य देवकीनंदन जी महाराज के कथामृत का श्रवण किया।

### मार्जिन मनी का भुगतान नहीं होने से डीलरों में नाराजगी

**डुमरांव।** स्थानीय प्रखंड के डीलरों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के मार्जिन मनी का भुगतान नहीं हो सका है। जिस कारण डीलरों में आक्रोश है। डीलरों का कहना है कि पिछले एक साल से मार्जिन मनी का भुगतान बाकी है। जबकि उन लोगों ने खाद्यान्न का वितरण कर दिया है। डीलरों की मानें तो यह उनके मेहनत का पैसा है तथा तीन महीने के मार्जिन मनी का आवंटन भी जिला को प्राप्त हो चुका है। बावजूद ऐसी स्थिति बनी हुई है। डीलरों का कहना है कि अगर प्रशासन द्वारा मार्जिन मनी का भुगतान शीघ्र नहीं किया गया तो फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले आंदोलन किया जाएगा।

# कोविशील्ड व कोवैक्सीन की प्रीकॉशनरी डोज के रूप में ले सकते हैं कोबेवैक्स की डोज

- केंद्र सरकार ने तीसरी डोज के रूप में कोबेवैक्स की डोज को दे दी है मंजूरी
- कोवैक्सीन व कोविशील्ड की तीसरी खुराक के संबंध में दिशा निर्देशों में कोई बदलाव नहीं




**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के ऐसे लोग जिन्होंने कोरोना वैक्सीन की पहली और दूसरी डोज ले ली है। लेकिन, तीसरी डोज की अवधि पूरी हो जाने के बाद भी नहीं टीका नहीं लिया है, उनके लिए अच्छी खबर है। अब तीसरी डोज के रूप में वो आरबीडी प्रोटीन सबयूनिट 'कॉबेवैक्स' टीके की डोज ले सकते हैं। इसके लिए जिला स्वास्थ्य समिति ने भी लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी के निर्देश पर सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों ने अपने अपने स्तर से सभी फ्रंट लाइन वर्कर्स को जिम्मेदारी दी है। ताकि, लोगों को इस संबंध में जागरूक कर उन्हें प्रीकॉशरी डोज के रूप में 'कॉबेवैक्स' टीके की डोज लेने के लिए प्रेरित किया जा सके। केंद्र सरकार के द्वारा इसके लिए पूर्व में ही गाइड लाइन्स जारी कर दिया गया है। जिसके तहत 18 साल से अधिक उम्र के उन लोगों को 'कॉबेवैक्स' टीके की प्रीकॉशनरी डोज दी जा सकती है, जो कोविशील्ड या कोवैक्सीन टीके की दो खुराक ले चुके हैं।

**कोविशील्ड व कोवैक्सीन के गाइडलाइंस में कोई बदलाव नहीं :** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने बताया, फिलवक्त आरबीडी प्रोटीन सबयूनिट 'कॉबेवैक्स' टीके की डोज फिलहाल 12 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को ही लगाई जा रही है। 18 साल से अधिक उम्र के जिन लोगों को कोवैक्सीन या कोविशील्ड की दूसरी खुराक लिए छह महीने या 26 सप्ताह हो गए हैं, उनके लिए कॉबेवैक्स एहतियाती खुराक के तौर पर उपलब्ध होगा। इससे इस उम्र वर्ग में एहतियाती खुराक के तौर पर कॉबेवैक्स का कोविड-19 के दूसरे टीके के तौर पर उपयोग हो पाएगा। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि कोवैक्सीन और कोविशील्ड की तीसरी खुराक के संबंध में वर्तमान दिशानिर्देशों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सरकार के इस फैसले से कोविड-19 के खिलाफ जिला समेत पूरे राज्य की लड़ाई और मजबूत होगी।

**कोरोना मुक्त अभियान में सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें :** 'सभी लोग नियत समय पर कोरोना टीके की सभी डोज अनिवार्य रूप से लें। सभी को तत्परता दिखाते हुए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या टीकाकरण स्थल पर जाकर टीकाकरण से वंचित होने वाले लाभार्थी खुद या अपने परिवार के अन्य सदस्यों को कोविड-19 टीकाकरण की डोज दिलवाएं। ताकि, भविष्य में कोरोना के संक्रमण प्रसार की संभावना न रहे। साथ ही, इससे जिले को कोरोना मुक्त अभियान करने की दिशा में हम सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके । कोरोना के संक्रमण से आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रखने के लिए हम सभी को कोविड टीके की सभी डोज अपने निर्धारित समय पर लेना होगा। वहीं, अब जिले के लोग प्रीकॉशनरी डोज के रूप में कॉबेवैक्स की डोज ले सकते हैं।' -

### 17 नामजद समेत 25 पर एफआईआर दर्ज, आरोपियों की गिरफ्तारी को छापेमारी जारी

# चक्की गोलीबारी में जख्मी हुए होमगार्ड जवान की इलाज के दौरान मौत हो गई

- पुलिस के खिलाफ भी परिजनों का गहराया आक्रोश, कहा- शुरू से बरत रही है लापरवाही
- टना को अंजाम देने के बाद फरार है सभी आरोपी, गांव में तनाव व्याप्त


अस्पताल में इलाज को पहुंचा जख्मी जवान (फाइल फोटो)

**केटी न्यूज/डुमरांव**

चक्की भोला डेरा में बुधवार को नाली के विवाद में हुई गोलीबारी से जख्मी होमगार्ड जवान त्रिलोकी यादव का इलाज के दौरान मौत हो गई है। उनके मौत होते ही परिजनों में मातम पसर गया। वहीं, घटना के 24 घंटे बाद तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोश भी व्याप्त है। गौरतलब है कि बुधवार को भरियार ओपी थाना क्षेत्र के चक्की भोला डेरा गांव में नाली के विवाद में साधु यादव व अंबिका यादव के बीच हिंसक विवाद हो गया था। जिसमें साधु के पक्ष के लोगों ने गोलीबारी कर दिया। एक गोली अंबिका यादव के पुत्र तथा झारखंड में होमगार्ड जवान की नौकरी करने वाले त्रिलोकी यादव उम्र 45 वर्ष की पेट में लग गई थी। स्थानीय स्तर पर प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया था। पटना पीएमसीएच में गुरुवार को सुबह इलाज के दौरान त्रिलोकी की मौत हो गई। इधर उसके परिजनों ने बताया कि पुलिस इस मामले में शुरू से लापरवाही बरत रही है। यही कारण है कि घटना को अंजाम दे आरोपी फरार हो गए हैं, इस घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है। भरियार ओपी प्रभारी संजय कुमार सिंह ने उसके मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि गोपाल यादव के बयान पर 17 ज्ञात तथा 25 अज्ञात समेत कुल 42 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### पीड़ित के घर मच गया कोहराम

त्रिलोकी की मौत से पीड़ित के घर कोहराम मच गया है। त्रिलोकी होमगार्ड जवान था तथा अपने परिवार के साथ झारखंड में ही रहता है। छठ पर्व को लेकर वह काफी दिनों के बाद गांव आया था। इसी दौरान नाली विवाद को सुलझानें में उसके साथ यह हादसा हो गया। उसके मौत के बाद से ही उसके पिता अंबिका यादव बेसुध हो गए है। उनके बुढ़ापे का सहारा छिन गया है। पत्नी पिंकी देवी भी रह रहकर बेहोश हो जा रही थी। आठ वर्षीय बेटा दीपू व पांच वर्षीय बेटी सुरूची के अलावे उसे एक दुधमुंही बच्ची भी है। इस हादसे से उसका परिवार अनाथ हो गया है।

### गांव में बढ़ गया तनाव, सहमें है लोग

होमगार्ड जवान की मौत की खबर सुनते ही उसके पक्ष के लोगों का आक्रोश बढ़ गया है। वहीं, ग्रामीण हिंसा प्रतिहिंसा की आशंका से सहमें हुए है। पुलिस भी स्थिति को भांप आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही है। लेकिन आरोपी फरार हो गए है। जानकारों का कहना है कि यदि पुलिस जल्द ही सभी आरोपियों को नहीं पकड़ती है, तो ग्रामीणों का आक्रोश भड़क सकता है।

## प्रखंड मुख्यालय पर खेग्रामस, भाकपा-माले का विशाल धरना, मांगों के समर्थन में सौंपा ज्ञापन


धरना को सबोधित करती माले नेत्री

**केटी न्यूज/डुमरांव**

भाकपा-माले, खेग्रामस ने राज्यव्यापी आह्वान के तहत डुमरांव प्रखंड कार्यालय परिसर पर विभिन्न मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना दिया।धरना की अध्यक्षता व संचालन डुमरांव प्रखंड के माले सचिव सुकर राम ने किया। धरना पर सैकड़ों मजदूर, किसान, महिला, छात्र नौजवान सहित माले जिला सचिव नवीन कुमार, खेग्रामस नेता कन्हैया पासवान, संजय शर्मा, वीर उपाध्याय बैठे रहे। धरना को संबोधित करते हुए माले जिला सचिव नवीन कुमार ने कहा कि केन्द्र की बुलडोजर सरकार गरीबों-अल्पसंख्यकों को उजाड़ने का काम कर रही है।

जबकि पूंजीपतियों को लाखों करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। बिहार में बुलडोजर सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश था। इसी कारण भाजपा-मुक्त सरकार को बिहार में बनाया गया। अब बिहार में सरकार को जनपक्षधर बनाने के लिए भाकपा-माले विपक्ष में रहकर जनता की मांगों को उठाएगी। धरना के माध्यम से बीडीओ को माले-खेग्रामस के नेताओं ने अपना सात सूत्री मांग-पत्र भी सौंपा।

जिसमें प्रमुख रूप से जो भूमिहीन जहा बस गए है उस जमीन का सर्वे करा उन्हें बासगीत पर्चा, लीज या पट्टा देने। बिना वैकल्पिक व्यवस्था के दलित-गरीबों की बस्तियों-घरों को उजाड़ने पर रोक लगाने। प्रधानमंत्री योजना के तहत 5 लाख की सहायता राशि गरीबों को देने। 12 साल से रह रहे परिवारों को जमीन के कागजात नहीं रहने पर भी आवास योजना का लाभ देने। इस योजना में जारी घूसखोरी पर रोक लगाने।

दलित-गरीबों के बकाया बिजली बिल की माफी करने और उन्हें पंजाब-दिल्ली के तर्ज 200 यूनिट फ्री बिजली देने। 60 साल से ऊपर के सभी महिला-पुरुषों को 3000 रुपये मासिक पेंशन देने। प्रति महीना एकाउंट में पहुंचने की गारंटी देने समेत अन्य मांग शामिल थी। मौके पर सैकड़ों कॉमरेड मौजूद थे।

## उद्योग विभाग द्वारा आयोजित शिविर में प्रदान किया गया करोड़ों का ऋण

**केटी न्यूज/बक्सर**

गुरूवार को उद्योग विभाग से संबंधित योजनाओं के ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निदेशक विवेक रंजन मैत्रेय (भा0प्र0से0) हस्तकरघा एवं रेशम (अतिरिक्त प्रभार-खाद्य प्रसंस्करण) निदेशालय बिहार पटना एवं जिला पदाधिकारी बक्सर अमन समीर के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम का संचालन जिला अग्रणी प्रबंधक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 32 पीएमईजीपी स्वीकृत की गई। जो 4 करोड़ की थी तथा 83 मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लाभुक को 4 करोड़ 32 लाख का ऋण प्रदान किया गया। पीएमएफमी में 61 आवेदन ऑनलाईन जीविका समूह के द्वारा भरा गया। 32 आवेदन के स्वीकृति के उपरांत कुल 100 आवेदनों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसमें 12 करोड 35 लाख की ऋण स्वीकृति हुई है।पीएमईजीपी एवं मुद्रा के ऋणी अपने उत्पादक को प्रदर्शनी में लाये थे। उसका पर्यवेक्षण किया गया। उसे जिला पदाधिकारी के द्वारा सराहा गया। निदेशक पटना के द्वारा सभी को प्रोत्साहित किया गया और ऋण वितरण में उपस्थित लाभुकों को देख कर खुश हुए। जिला पदाधिकारी के द्वारा पीएमईजीपा एवं पीएमएफमी के बारे में विस्तार से बताया गया और लोगों से कहा गया कि इस ऋण का ज्यादा से ज्यादा लोग लाभ उठायें। बक्सर जिलें में अधिक से अधिक लोग उद्यमी बनें। इसमें किसी भी प्रकार की सहायता हेतु जिला प्रशासन एवं बैंक के द्वारा पूरा सहयोग किया जायेगा। जिला पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के कार्यक्रम हर महीने होना चाहिए। जिससे लोगों को रोजगार का मिल सकें और उनकी आय को बढाया जा सके। जीविका को 1 करोड़ 22 लाख का पंजाब नेशलन बैंक के द्वारा चेक प्रदान किया गया। जो जीविका समूह के लिए स्वीकृति की गई थी। इसमें जीविका के डीपीएम ने कहा है कि वर्ष के अंत तक 500 और एसएजी को बैंकों से ऋण मुहैया करायेंगे।कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त एसडीसी बैंकिंग, एलडीएम सभी बैंकों के समन्वयक एवं लाभुक उपस्थित थे।

## एक नजर

### सात सूत्री मांगों को लेकर भाकपा-माले कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन



**नावानगर।** राज्यव्यापी आह्वान पर स्थानीय प्रखंड परिसर में गुरुवार को भाकपा-माले ने धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने सात सूत्री मांग कर रहे थे। जिसमें भूमिहीनों को सरकारी जमीन से हटाने के बजाय सर्वे कर उन्हें बासगीत पर्चा देने, पीएम योजना के तहत 5 लाख की सहायता राशि गरीबों को देने। समेत सात सूत्री मांग था। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रखंड सचिव हरेन्द्र राम एवं संचालन पूर्व मुखिया सह किसान नेता रामदेव सिंह ने किया। धरना को संबोधित करते हुए माले नेता नीरज कुमार ने कहा कि फिलहाल बिहार में जो सरकार चल रही है। उसे गरीबों-भूमिहीनों ने बहुत विश्वास से बनाया है। सैकड़ो गरीब भूमिहीनों को जमीन के अभाव में आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा। इसे गंभीरता से लेते हुए भूमि आवंटन करना जरूरी है। केन्द्र की बुलडोजर सरकार तो गरीबों-अल्पसंख्यकों को उजाड़ने का काम कर ही रही है। जबकि पूंजीपतियों को लाखों करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया रहा है। उन्होंने कहा बिहार में सरकार को जनपक्षधर बनाने के लिए भाकपा-माले जनता और सरकार के बीच पुल का काम करती रहेगी व जनता की मांगों को उठाती रहेगी। धरना को नारायण दास, सिकरौल मुखिया मनोज सिंह, सैमुद्दीन, रवि माल्या, भोला राम ने भी संबोधित किया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### पुलिस हलकान, संदिग्ध बोरे में शव की जगह मिला मरा हुआ कुत्ता



**सिमरी।** गुरुवार को सिमरी थाना क्षेत्र के नया भोजपुर डुमरी पथ पर स्थित काजीपुर मोड़ के पास सड़क किनारे सड़क किनारे पड़े एक संदिग्ध बोरे के कारण तीन घंटे तक तमाशा बना रहा। पहले लोगों को लगा कि बोरे में किसी की लाश भरकर फेंका गया है। राहगीरों द्वारा इसकी सूचना सिमरी पुलिस को भी दी गई। काजीपुर मोड़ के पास बोरे में लाश फेंके जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब उसका मुंह खोला तो लोग हंसने लगे। जाहिर है उसक बोरे में आशंका के मुताबिक इंसानी लाश नहीं थी बल्कि एक मरा हुआ कुत्ता था। जिसे किसी ने फेंक दिया था। हालांकि संदिग्ध बोरा के चलते तीन घंटे तक लोगों में कौतूहल बना हुआ था तथा सैकड़ो लोग वहा मजमा लगाए खड़े थे, लेकिन माजरा साफ होते ही लोग हंसते हुए वहां से अपने घर चले गए। इस संबंध में सिमरी थानाध्यक्ष सुनील निर्झर ने बताया कि लोगों सूचना पर वहा पुलिस टीम को भेजा गया था। बोरे में कुत्ते की लाश थी। वैसे लोगों की संजीदगी पर उन्होंने खुशी जताई तथा कहा कि यदि लोग ऐसे सक्रिय रहे तो इसका लाभ क्राइम कंट्रोल तथा शराब तस्करी के जीरो टालरेंस की नीति को सफल बनाने में मिलेगा।

### कंजिया धाम में लक्ष्मीनारायण सह रूद्रचंडी महायज्ञ से भक्ति का माहौल कायम



**नावानगर।** डुमरांव अनुमंडल इलाके में आस्था और विश्वास का केंद्र बना श्री ठाकुरजी धाम कजियां में लक्ष्मीनारायण सह रूद्रचंडी महायज्ञ का आयोजन मंगलवार को भक्तिपूर्ण माहौल में प्रारंभ हुआ। इसको लेकर यहां विद्वान संत महात्माओं का आगमन हुआ है। कजियांधाम में कार्तिक पूर्णिमा को मनाए जाने वाले वार्षिकोत्सव की तैयारी जोरों पर है। यहां महायज्ञ की पूणार्हुति के बाद आठ नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के दिन श्री ठाकुर जी महाराज का वार्षिकोत्सव धुमधाम के साथ मनाया जाएगा। मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के अग्रणी और परम पूज्य पाद वैकुंठवासी शिव चैतन्य जी महाराज के पुत्र ठुन्नू उपाध्याय ने बताया कि यहां देश के कोने.कोने से पधारे संत महात्माओं की अगुवाई में लक्ष्मी नारायण सह रूद्रचंडी महायज्ञ प्रारम्भ हुआ है। कार्तिक पूर्णिमा को दर्शन व पूजन के लिए यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके लिए धाम परिसर में साफ-सफाई व पहुंच मार्ग को दुरूस्त किए जाने की प्रक्रिया जोरों पर है। वार्षिकोत्सव को लेकर श्री ठाकुरजी धाम के मंदिर प्रांगण को आकर्षक तरीके से सजाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मंदिर परिसर में पिछले दशकों पूर्व से हरिनाम संकीर्तन एवं मानस पाठ की प्रक्रिया अनवरत जारी है।

### सनातन संस्कृति समागम की जगह राजनीतिक सम्मेलन कहना अच्छा है : टीएन चौबे

**बक्सर।** बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने बक्सर में हो रहे सनातन संस्कृति समागम पर बड़ा सवाल उठाते हुए कहा कि नौ राज्यों के मुख्यमंत्री, पांच राज्यों के राज्यपाल, दो उप मुख्यमंत्री सहित बीजेपी के कई नामचीन हस्तीयां भाग लेने जा रही है तो इसे राजनीतिक सम्मेलन ही कहा जाता तो अच्छा होता। इस कार्यक्रम में करीब सौ करोड़ रुपए पानी की तरह बहाया जा रहा है। पता नहीं चल पा रहा है यह पैसा कहां से आ रहा है। आने वालों में भारत वर्ष के कुछ ही संतों का नाम उजागर किया जा रहा है। यहां तक की इस यज्ञ में भोजपुरी कलाकारों के नाम पर भी भीड़ जुटाने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय सांसद बक्सर में विकास का समागम तो नहीं दिखा सके।







## छोटी खबरें

### जिले के विभिन्न कॉलेजों में 10060 स्मार्ट फोन का हुआ वितरण

**गाजीपुर।** जनपद के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा जनपद के सभी विद्यालयों में स्मार्ट फोन का वितरण किया जा रहा है। जनपद में स्मार्ट फोन वितरण योजना को धरातल पर उतारने के लिए महाविद्यालयों, आईटीआई, पालिटेक्निक संस्थानों आदि के लाभार्थियों को डेटा के आधार पर जनपद के सभी विभिन्न तहसीलों में आज स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। गुरुवार को कुल-10060 स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों, विद्यालयों, संस्था, आईटीआई व पालिटेक्निक संस्थानों में जंगीपुर विधानसभा में तीन महाविद्यालय व विद्यालयों में-1148, सैदपुर तहसील में सात महाविद्यालय व विद्यालयों में कुल 2548, मु.बाद तहसील में तीन महाविद्यालय व विद्यालयों में 430, कासिमाबाद तहसील के चार विद्यालयों में 1069, एवं जखनियां में 10 महाविद्यालय/विद्यालयों में – 4048 स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। इसी प्रकार दिनांक 04 नवंबर 2022 को रोस्टर के अनुसार विभिन्न महाविद्यालयों, विद्यालयों, संस्थानों, आईटीआई, पालिटेक्निक संस्थानों में स्मार्ट फोन का वितरण किया जाएगा।

### सपा विधायक के गनर को पुलिस लाइन में दी गई श्रद्धांजलि

**गाजीपुर।** आरक्षी राकेश कुमार चौधरी की मौत के बाद उनको पुलिस लाइन में एसपी व अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा राजकीय सम्मान के साथ शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बताया जाता है कि 25 अक्टूबर को समय 20:00 बजे जनपद सुल्तानपुर से निम्न सूचना प्राप्त हुई थी। घटना की सूचना इस प्रकार है कि जनपद में मोहम्मदाबाद विधानसभा से विधायक सुहैब अंसारी के गनर के तौर पर नियुक्त आरक्षी राकेश कुमार चौधरी विधायक को लखनऊ में रिसीव करने के लिए वाराणसी से श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन से लखनऊ के लिए रवाना हुए थे। जो ट्रेन की दिव्यांग बोगी में सफर कर रहे थे।

### चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की सुरक्षा व सुविधाओं को परखा

**बलिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर में प्रदत्त सुविधाओं का कायाकल्प योजना के तहत आंकलन करने गुरुवार को पहुंची चिकित्सकों की टीम ने अस्पताल की सुविधाओं को परखा। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों व कर्मचारियों का इंटरव्यू भी लिया। सीएचसी सीयर में गुरुवार को कायाकल्प योजना के तहत पहुंची चिकित्सकों की टीम ने अस्पताल में मरीजों की सुरक्षा व सुविधाओं को परखा। टीम के साथ आए डिविजनल कंसल्टेंट डॉ संजय प्रियदर्शी ने बताया कि हम एक चेकलिस्ट के तहत यह देखते हैं कि अस्पताल में क्या क्या चीजें उपलब्ध हैं तथा क्या क्या कमियां हैं।

# पांच को दिन में ही शुरू होगा गड़हा महोत्सव, डिप्टी सीएम करेंगे उद्घाटनः उपेंद्र तिवारी

- पूर्व मंत्री ने कहा कि कई राजनैतिक हस्तियां करेंगी शिरकत
- सुरक्षा के मद्देनजर एडिशनल एसपी के नेतृत्व में अधिकारियों ने लिया जायजा

**केटी न्यूज/बलिया**



जानकारी देते भाजपा नेता पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी व अन्य



कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने पहुंचे एडिशनल एसपी व अन्य

जिले के भरौली गोलंबर में आगामी पांच नवंबर को होने वाले ऐतिहासिक गड़हा महोत्सव दिन में 11 बजे से शुरू हो जाएगा। जो दिन से शुरू होकर अनवरत देर रात तक चलता रहेगा। महोत्सव का उद्घाटन उप्र के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। उद्घाटन के साथ ही गड़हा महोत्सव के मंच से भोजपुरी के जानेमाने ख्यातिलब्ध कलाकारों का कार्यक्रम शुरू होगा। इस आशय की जानकारी भाजपा नेता पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि गड़हा महोत्सव के मंच पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश यादव, मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी के अलावा सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, सांसद रवींद्र कुशवाहा,विधायक केतकी सिंह सहित बिहार और उत्तर प्रदेश के कई राजनैतिक दिग्गज आएंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान गड़हा विकास मंच सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अभिनेता गोपाल राय, भाजपा के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, महामंत्री प्रदीप सिंह, गड़हा विकास मंच के अध्यक्ष चंद्रमणि राय, प्रवक्ता हरेराम राय, मदन दूबे, मंच संचालक विजय बहादुर सिंह व विजेंद्र राय उपस्थित रहे।

**डबल रोल में आएंगे निरहुआ और रविकिशनः** गड़हा विकास मंच का आयोजन इस बार पिछले आयोजनों से अलग व खास होगा। यहां आकर्षण का केंद्र भोजपुरी अभिनेता और आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल निरहुआ, गोरखपुर के सांसद व अभिनेता रवि किशन होंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान इस बाबत जानकारी साझा करते हुए पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गोपाल राय ने बताया कि सांसद और अभिनेता मनोज तिवारी मृदुल से भी वार्ता प्रगति पर है। जल्द ही उनके भी कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा।

सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गोपाल राय ने बताया कि कलाकारों में रविकिशन, दिनेश लाल यादव, भरत शर्मा व्यास, आम्रपाली दूबे, अंकुश राजा, शिल्पी राज, गोलू राजा, अनूपमा यादव, मोहन राठौर, आलोक कुमार, रीतू सिंह, प्रवेश लाल यादव, मनोहर सिंह, अल्का सिंह पहाड़िया, विनय मिश्र, स्नेहा उपाध्याय, नीलम गिरी, राधा श्रीवास्तव, आर्यन बाबू, यूरोज सिंह, अमित रंजन, विजय चौहान, प्रणव सिंह कान्हा, संतोष पहलवान एक्टर, विनय तिवारी, अनुभा राय, पवन सिंह, वीरंद्र भारती आदि कलाकार शामिल होंगे।

**एडिशनल एसपी ने कार्यक्रम के आयोजन को दी हरी झंडी :** गड़हा विकास मंच द्वारा आयोजित होने वाले स्व हरिशंकर राय स्मृति विशाल गड़हा महोत्सव की तैयारियां पूरी हो गई हैं। आज और कल दो दिन चलने वाले गड़हा महोत्सव के लिए मंच, लाइट साउंड, बैरिकेडिंग को देर शाम टेस्ट के बाद ओके कर दिया गया। उप मुख्यमंत्री का प्रोटोकॉल आने के बाद एडिशनल एसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया। बताया जाता है कि बुधवार को भूमि पूजन आज भरौली में विधि विधान से सम्पन्न हुआ। गड़हा महोत्सव सकुशल संपन्न कराने हेतु राज्य सभा सदस्य नीरज शेखर और उप्र सरकार के पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में भूमि पूजन किया।

# कम प्रगति वाले विकास खंडों पर डीएम ने जताई नाराजगी, 17 विभागाध्यक्षों की लगाई फटकार

- जिलाधिकारी ने की प्रगति की समीक्षा, छह प्रखंडों का आकांक्षात्मक विकास खण्ड में चयन
- नीति के अनुरूप आकाक्षात्कम विकास खंड में विकास कार्य को पूरा करने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति समीक्षा बैठक देर सायं राइफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राज्य सरकार द्वारा जनपद के छह आकांक्षात्मक विकास खण्ड रेवतीपुर, सादात, देवकली, बाराचवर, विरनो, मरदह जिसका चयन प्रदेश के 100 आकांक्षात्मक विकास खंड के रूप में किया है। उन्होंने कराए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की तथा कम प्रगति वाले विकास खंडों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 17 विभागों के लक्षित इंडिकेटर्स पर शत-प्रतिशत कार्य कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के 100 आकांक्षात्मक विकास खंडों में सादात प्रदेश में 17 वे रैंक, बिरनो 25वे, देवकली 36वें, रेवतीपुर 59वें तथा मरदह 69 तथा बाराचवर सबसे पीछे 89 रैंक पर स्थित है। उन्होंने कहा कि` आकाक्षात्मक विकास खण्डों में स्वास्थ्य, कुपोषण, जल संसाधन, शिक्षा, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन, कृषि, आधारभूत अवसंरचना सहित कई ऐसे मानक हैं जिन पर व्यापक स्तर पर काम किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, कौशल विकास सहित विभिन्न पैरामीटर्स पर व्यापक कार्य कराते हुए प्रदेश में चयनित आकांक्षात्मक विकास खंडों में टॉप छह में स्थान बनाने की बात कहीं। उन्होंने समस्त अधिकारियों को शासन की नीति के अनुरूप आकाक्षात्कम विकास खंड में विकास कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि ये कार्य शासन की शीर्ष प्राथमिकता का विषय है। आकांक्षात्मक ब्लॉक को लेकर मुख्यमंत्री बेहद गंभीर हैं और इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। इसमें लापरवाही मिलने पर कार्यवाई तय है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रकाश गुप्ता, समस्त सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### बेवसाइड पर आनलाइन किए गए आवेदन अपूर्ण

गाजीपुर। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य आनंद कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अर्न्तगत वर्ष 2022-23 में बेवसाइड पर आनलाइन किए गए आवेदन अपूर्ण हैं, उन्हें पूर्ण करें। ताकि आवेदक को योजना का लाभ देने के लिए चयन किया जा सकें। जिन आवदेकों का आनलाइन आवेदन करते समय कुछ दस्तावेज जैसे-फोटो, हस्ताक्षर, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, शपथ, पत्र तथा ड्राइविंग लाइसेंस व अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आवेदक लॉगिन पर अपूर्ण अभिलेख पूर्ण कर लें अन्यथा की दशा में आवेदन पत्र निरस्त माना जाएगा।

## एक नजर

### चोरों ने स्कूल का ताला तोड़ खेल सामग्री के साथ जरूरी कागजात चुराए



**बलिया।** जिले के फेफना थाना क्षेत्र के बलेजी गांव में बीती रात चोरों ने स्कूल में ही अपना हाथ साफ कर लिया। चोरों ने स्कूल में रखी हुई सभी खेल सामग्री चुराली। उन्होंने स्कूल के आलमारी में रखे हुए जरूरी कागजात को भी नहीं छोड़ा। घटना की जानकारी तब हुई, जब गुरुवार की सुबह प्रधानाध्यापक मनोज कुमार स्कूल खोलने के पहुंचे। जहां उन्होंने खेलकूद के कमरों के अलावा अन्य कक्षाओं और अन्य कक्षाओं और कार्यालयों का ताला टूटा हुआ देखा। जिसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। प्रधानाध्यापक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया। इधर स्कूल में इस तरह चोरी की घटना से बलेजी गांव के लोगों ने फेफना थानाध्यक्ष की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। लेकिन, पुलिस का कहना है कि चोरों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

### गुरुवार को जिले के सभी कॉलेज के छात्र-छात्राएं करेंगे कक्षाओं का बहिष्कार




**बलिया।** छात्रसंघ चुनाव कराने हेतु अनशन पर बैठे छात्र नेताओं का बुधवार को तीसरा दिन रहा। अनशन पर बैठे छात्र नेताओं के सम्मान में टीडी कॉलेज के छात्र और छात्राओं ने अपनी अपनी कक्षाओं का बहिष्कार कर छात्र नेता के साथ सैकड़ों की संख्या में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जहां छात्र नेताओं के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कहा कि यदि छात्रसंघ चुनाव की तिथि जल्द से जल्द घोषित नहीं हुई, तो हमलोग जनपद स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के संयोजक नागेंद्र बहादुर सिंह झुन्नू ने कहा कि यदि हमारी मांगें पूरी नहीं हुई, तो जल्द छात्र कर्फ्यू का भी ऐलान होगा और अनशन स्थल पर निर्णय लिया गया की चार नवंबर को जनपद के सभी कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राएं अपनी कक्षा का बहिष्कार करेंगे। इस मौके पर तमाम छात्र छात्राएं और टीडी कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष शिप्रांत सिंह, अविनाश सिंह नंदन, आदित्य प्रताप सिंह योगी, राजदीप सिंह, तेज प्रताप सिंह, हिमांशु सिंह आशीष यादव, मदनी नसीम, अनुराग पटेल आदि छात्र नेता मौजूद रहे।


### गुरुवार को जिले के सभी कॉलेज के छात्र-छात्राएं करेंगे कक्षाओं का बहिष्कार

**बलिया।** छात्रसंघ चुनाव कराने हेतु अनशन पर बैठे छात्र नेताओं का बुधवार को तीसरा दिन रहा। अनशन पर बैठे छात्र नेताओं के सम्मान में टीडी कॉलेज के छात्र और छात्राओं ने अपनी अपनी कक्षाओं का बहिष्कार कर छात्र नेता के साथ सैकड़ों की संख्या में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जहां छात्र नेताओं के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कहा कि यदि छात्रसंघ चुनाव की तिथि जल्द से जल्द घोषित नहीं हुई, तो हमलोग जनपद स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के संयोजक नागेंद्र बहादुर सिंह झुन्नू ने कहा कि यदि हमारी मांगें पूरी नहीं हुई, तो जल्द छात्र कर्फ्यू का भी ऐलान होगा और अनशन स्थल पर निर्णय लिया गया की चार नवंबर को जनपद के सभी कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राएं अपनी कक्षा का बहिष्कार करेंगे। इस मौके पर तमाम छात्र छात्राएं और टीडी कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष शिप्रांत सिंह, अविनाश सिंह नंदन, आदित्य प्रताप सिंह योगी, राजदीप सिंह, तेज प्रताप सिंह, हिमांशु सिंह आशीष यादव, मदनी नसीम, अनुराग पटेल आदि छात्र नेता मौजूद रहे।


### जिले में 6 नवंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तेज हुई तैयारी

**बलिया।** शहर के कंपनी बाग में पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी की स्थापित प्रतिमा के अनावरण के लिए 6 नवंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है तो पार्टी पदाधिकारियों ने भी कमर कस ली है। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ 6 नवंबर को पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी की प्रतिमा का अनावरण करने के साथ ही पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसको लेकर पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में मंच आदि बनाने का काम तेज कर दिया गया है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर गुरुवार को राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह के नारायणी टॉकीज स्थित कैंप कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकताओं को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान मंत्री दयाशंकर सिंह के अनुज धर्मेंद्र सिंह की अगुवाई में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तय की गई। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकताओं को पूरे मनोयोग से लगना होगा। कहा कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी लोग अभी से कमर कस कर पूरी तन्मयता से लग जाएं।

# अपराधियों ने युवक के सिर पर मारी गोली, जंगल में घायलावस्था में मिला

## गंभीर स्थिति में डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर किया रवाना

**केटी न्यूज/बलिया**

गुरुवार की सुबह राजगढ़ पुलिस गश्त कर रही थी कि तभी जंगल की तरफ सड़क किनारे एक युवक घायलावस्था में मिला। पुलिस घायल अवस्था में मिले युवक को उपचार के लिए पीएचसी ले गई। जहां से उसे मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। मंडलीय अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि युवक के सिर में गोली लगी थी। उसके सिर में लगी गोली बाहर नहीं निकली थी।

राजगढ़ थाना क्षेत्र के सेमरी जंगल में गुरुवार की सुबह में एक युवक को गोली मारी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलावस्था में पड़े युवक को पीएचसी ले गई। वहां से मण्डलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। मंडलीय अस्पताल से उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।



फोटो 00 : बंदूक से फायरिंग का कैरीकेचर लगा लो

युवक बलिया जिले का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गुरुवार की सुबह राजगढ़ पुलिस गश्त कर रही थी कि तभी जंगल की तरफ सड़क किनारे एक युवक घायलावस्था में मिला। पुलिस घायल अवस्था में मिले युवक को उपचार के लिए पीएचसी ले गई। युवक सूरज कुमार (34) पुत्र विजय शंकर निवासी सिकहरा थाना नगरा बलिया जिला बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष राजगढ़ ने बताया कि युवक जंगल के पास सड़क किनारे सुनसान इलाके में घायल अवस्था में पड़ा था। मामले की छानबीन की जा रही है कि युवक यहां कैसे आया। ग्रामीणों से पूछने पर पता चला कि वह सक्तेशगढ़ की ओर से टहलते हुए आया।

# महिला अस्पताल में नशे की हालत में मिला युवक, चिकित्सकों ने की सुरक्षा की मांग



**केटी न्यूज/बलिया**

जिला महिला अस्पताल के पुराने मेटरनिटी वार्ड में सीट के नीचे एक युवक नशे की हालत में मिला। मामले में जिला अस्पताल के वरिष्ठ सहायक ने बताया कि उक्त युवक जिला महिला चिकित्सालय का दीपक नामी वायरमैन है। अपने मरीज को दिखाने के लिए जिला महिला अस्पताल में आई राजकुमारी नामक ने बताया कि यह कोई नई बात नहीं है। यहां तो आए दिन शराब के नशे में धुत हो अस्पताल में आकर हंगामा करते हैं। अस्पताल प्रशासन की ओर से बताया गया कि कई बार पुलिस अधीक्षक को लिखित और मौखिक आवेदन करने के बावजूद आज तक किसी भी पुलिसकर्मी की तैनाती सुरक्षा की दृष्टि से जिला महिला अस्पताल नहीं की गई है जिसकी वजह से आए दिन वहां खड़ी करने को लेकर अस्पताल के कर्मचारियों और बाइक चालकों के बीच कहासुनी का क्रम चलता रहता है। उन्होंने बताया कि स्टाफ की भी संख्या नहीं है कि उनको अस्पताल और अस्पताल आने वालों की सुरक्षा के लिए अलग से ड्यूटी दी जा सके। जिला महिला अस्पताल की इस गम्भीर समस्या को पुलिस अधीक्षक गंभीरता से लेते हुए आवश्यकतानुसार जिला महिला चिकित्सालय की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती आवश्यक हो गई है।

# अब सार्वजनिक शौचालयों में होगी दिव्यांगों लोगों के लिए सुविधा

- नगर पालिका ने 10 सीटर सार्वजनिक शौचालय व 4 सीटर मूत्रालय का किया लोकार्पण
- लोगों ने कहा - नगर पालिका परिषद कर रहा बेहतर कार्य, मूलभूत सुविधाओं पर है फोकस

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



नगर पालिका परिषद, गाजीपुर द्वारा विकास कार्यों के लोकार्पण का सिलसिला लगातार जारी है। नगर पालिका ने कचहरी स्थित 10 सीटर सार्वजनिक शौचालय व 4 सीटर मूत्रालय (जिसमें एक दिव्यांगजन के लिए भी बना है) लगभग 11 लाख की लागत का लोकार्पण नपा परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता व राजकीय सिटी इण्टर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता व्यासमुनि राय द्वारा किया गया। विदित है कि एक दिन पूर्व भी लंका मैदान के रामजानकी मंदिर के पास 3 सीटर शौचालय व 2 सीटर मूत्रालय का भी लोकार्पण किया गया है। अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने बताया कि कचहरी के समीप 10 सीटर शौचालय, 4 सीटर मूत्रालय, बाथरूम के अतिरिक्त दिव्यांगजनों के सुविधा हेतु भी शौचालय बनाया गया है। नगर पालिका लगातार विकास कार्यों का लोकार्पण कर रही है और हम सब नगर की जनता को मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतु कृत संकल्पित हैं।

वहीं, व्यासमुनि राय ने बताया कि नगर पालिका की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल अपने सभासदों को साथ लेकर लगातार विकास कार्य के प्रति बेहद गंभीरता से लगी हुयी है और शासन का मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास को जमीन पर उतारने का काम किया है और नगर का चहुंमुखी विकास किया है। पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने नगर के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए सड़क, गली, शौचालय, आरओ वाटर प्लान्ट, कुओं का सौन्दर्यीकरण, घाटों पर महिलाओं के वस्त्र बदलने हेतु चेंजिंग रूम, ओवर हैण्ड टंकियों की सफाई-रंगाई-पोताई, प्रत्येक चैराहा, तिराहे पर दिशा निर्देशन बोर्ड आदि कार्य के बारे में अवगत कराया।

भाजपा मीडिया प्रभारी श्री शशिकान्त शर्मा ने इस अवसर पर पालिका के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अभियान को मूर्त रूप में धरातल पर काम करने हेतु पालिका अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। श्री रासबिहारी राय, संतोष जायसवाल, विश्वप्रकाश अकेला, मनोज बिन्द, गुलाम कादिर राइनी, सोमेश मोहन राय, नफीस अहमद, रूपक तिवारी, ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष श्री सुनील गुप्ता एवं संचालन अजय गुप्ता (सोनू) ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से न0पा0 अवर अभियन्ता विवेक बिन्द, एसआई एहसान आलम, नगर महामंत्री अजय कुशवाहा, हेमन्त त्रिपाठी, सभासद/प्रतिनिधि धीरेन्द्र यादव, अमरनाथ दुबे, दिग्विजय पासवान, संजय राम, सोमेश मोहन, अजय राय दारा, रूपक तिवारी, नेहाल अहमद, नन्हें खाँ, कमलेश श्रीवास्तव, कमलेश बिन्द, सुशील वर्मा, सहबान अली, कुँवर बहादुर रामकरण कुशवाहा आदि उपस्थित है।